तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026

08 मानस गान संस्कृति-नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी...



08 आयुर्वेद औषधालय बोरगांव व अनंतपुर...





## खबर संक्षेप

### आदिवासी सांसदों को मंच नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : मौर्य

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कि बस्तर पण्डुम में




आदिवासी सांसदों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में मंच नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व सांसद महेश कश्यप एवं भोजराज नाग करते हैं। जनजातीय समाजों के उत्सव को महापर्व कहा गया, उन्हीं समाजों द्वारा चुने गए सांसदों को मंच से दूर रखा गया। उन्होंने कहा बस्तर पंडुम के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च हो रहे है। वहीं दूसरी ओर बस्तर के 47000 से अधिक किसान अपना धान नहीं बेच पाए है। इसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है।

### 10 से 3 बजे तक कुम्हारपारा से लालबाग तक का मार्ग प्रतिबंधित रहेगा आज

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रवास को देखते हुए सोमवार को यातायात पुलिस ने नागरिकों के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी किया है। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कुम्हारपारा चौक, शहीद पार्क तिराहा, कोतवाली चौक, अभियंता तिराहा, गणतंत्र द्वार (लाल बाग मैदान) तक वीआईपी रूट होने के कारण सामान्य परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। नागरिकों से कहा कि असुविधा से बचने डाइवर्टेड मार्ग बोधघाट हाटकचौरा मार्ग का उपयोग करें। वीआईपी विजिट हेतु आ रहे समस्त नागरिकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिसमें गणपति रिसोर्ट के सामने मैदान, आमगुड़ा जिओ पेट्रोल पम्प के बाजू, कुम्हड़ाकोट मैदान है। 9 फरवरी को लालबाग मैदान कार्यक्रम स्थल में प्रवेश हेतु प्रवेश द्वार की जानकारी में वीवीआई, वीआईपी, मीडिया पासधारी चित्रांश मंदिर सनसिटी मार्ग गेट का उपयोग करें। सांकृतिक दल एवं स्कूल की सांस्कृतिक दल की छात्राएं गणतंत्र द्वार के पास के गेट का उपयोग करें।

### जैविक जिला के नाम पर किसानों की आर्थिक हत्या बंद करे सरकार

**गीदम।** दंतेवाड़ा जिले को जैविक जिले के नाम पर प्रयोगशाला बनाकर रख दिया गया है, जिसका खामियाजा यहाँ का अन्नदाता अपनी मेहनत की आहुति देकर चुका रहा है। गौ पालक किसान संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने जिले



के किसानों की दुर्दशा पर शासन और प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए तीखा प्रहार किया है। शर्मा ने कहा कि दंतेवाड़ा के किसानों के साथ हो रहा अन्याय अब बर्दाश्त की सीमा से बाहर है। उन्होंने कहा कि जहाँ पड़ोसी जिलों में प्रति एकड़ 25 से 30 क्विंटल धान का उत्पादन हो रहा है, वहीं दंतेवाड़ा के किसानों को 'जैविक' के नाम पर महज 10 क्विंटल धान में गुजारा करना पड़ रहा है। यह किसानों की आय दोगुनी करने के दावों के साथ भद्दा मजाक है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने गधे और घोड़े को एक ही तराजू में तौल दिया है। जब जैविक खेती में मेहनत ज्यादा और उत्पादन कम है, तो किसानों को इसका विशेष प्रीमियम मूल्य क्यों नहीं मिल रहा। आम धान और जैविक धान का एक ही रेट रखना किसानों के साथ खुली लूट है। राजनीतिक दलों की चुप्पी पर प्रहार करते हुए कहा कि जिले के किसान खून के आंसू रो रहे हैं और राजनीतिक दल मौन साधे बैठे हैं। क्या नेताओं की जवाबदेही सिर्फ चुनाव तक सीमित है, भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर रहने वाले शर्मा ने स्पष्ट किया कि किसानों के हक पर डाका डालने वाली इस नीति का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

# आपत्तिजनक शीर्षक वाली फिल्म के विरोध में ब्राम्हण समाज का प्रदर्शन

**बाइक रैली और पुतला दहन कर थाने में की रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नेटफ्लिक्स फ़िल्म के आपत्तिजनक शीर्षक और कंटेंट को लेकर शहर में सर्व ब्राम्हण समाज एवं सर्व सवर्ण समाज का आक्रोश खुलकर सामने आया। बाइक रैली और पुतला दहन से पूर्व सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भवन में के बैठक आयोजित की गई,जहां फिल्म के विरुद्ध अपनी कड़ी नाराजगी दर्ज कराई।

बैठक में वक्ताओं ने तीखे तेवर अपनाते हुए कहा कि यह फ़िल्म ब्राम्हण समाज की आस्था, पहचान और सम्मान पर सीधा प्रहार है। वक्ताओं ने दो टूक कहा कि यदि बॉलीवुड के निर्माताओं में इतना साहस है,तो वे अन्य पंथों और मजहबों के विरुद्ध भी इसी प्रकार के शीर्षक पर फ़िल्म बनाकर दिखाएँ। केवल ब्राम्हण समाज को निशाना बनाना अब किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। थाने में निर्माता के खिलाफ एफआईआर के लिए आवेदन दिया गया। वक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी भी निर्माता या प्लेटफॉर्म द्वारा ब्राम्हण समाज के विरुद्ध ऐसा दुस्साहस दोहराया गया, तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब ब्राम्हण समाज जाग चुका है और यदि किसी ने भी ब्राम्हण विरोधी नैरेटिव चलाने का प्रयास किया, तो आवश्यकता पड़ने पर समाज अपने इष्टदेव भगवान परशुराम के उग्र स्वरूप की तरह प्रतिकार करने से पीछे नहीं हटेगा।

### बाइक रैली निकाल फूंका पुतला

बैठक के बाद समाजजनों ने बाइक रैली निकाली और इसके पश्चात विरोध स्वरूप पुतला दहन किया। इस दौरान नारेबाजी के माध्यम से फ़िल्म के खिलाफ रोष जताया गया और संबंधित प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई की मांग की गई। पूरे कार्यक्रम में समाज की एकजुटता और आक्रोश स्पष्ट रूप से देखने को मिला।



### ये हुए शामिल

इस दौरान सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष आसुतोष द्विवेदी,आदित्यवाहनी के समाज प्रमुख अनिल सामंत, सर्व ब्राम्हण समाज के मार्गदर्शक पंडित उमाशंकर शुक्ला,कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष मनीष शुक्ला,बंगाली ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष दृशान चक्रवती, मिथिला समाज के जिलाध्यक्ष अजय पाठक,पतंजलि परिवार के रमापति दुबे,सिंधी समाज के जिलाध्यक्ष मनीष मूलचंदानी,सर्व ब्राम्हण समाज महिला समिति की जिलाध्यक्ष नीलिमा मिश्रा,हेमू उपाध्यक्ष, लकिरण शुक्ला,लव मिश्रा,राकेश त्रिपाठी,सत्यनारायण पाठक,राजकुमार झा,नीलकंठ पांडे,नलिन शुक्ला,कौशिक शुक्ला,पंडित अनिरुद्ध मिश्रा समेत बड़ी संख्या में प्रतिनिधि सम्मलित हुए।

**आयोजन : तेंदूपत्ता के शाखकर्तन, संग्रहण, भंडारण पर हुई कार्यशाला**

# जंगल को बचाना हमारा कर्तव्य, तेंदूपत्ता संग्रहण समयसीमा में पूर्ण करें: किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हम सभी को मिलकर हमारे वन को बचाना है, तेंदूपत्ता संग्रहण समय सीमा में पूर्ण करें। शाखकर्तन बूटा कटाई एवं वनों की अग्नि से सुरक्षा के संबंध में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य वनों की अग्नि एवं कटाई से सुरक्षित रखना है।

- वनों को अग्नि व कटाई से सुरक्षित रखें

उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने रविवार को वन विभाग द्वारा ग्राम सरगीपाल के काष्ठागार में तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 के शाखकर्तन, संग्रहण एवं वनों की अग्नि से सुरक्षा के संबंध में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने माता सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण के साथ कार्यशाला की शुभारंभ किया गया। उसके बाद कहा कि साथ ही शाखकर्तन नियत समय पर हो जायें, हमारा बस्तर वन संपदा से सम्पन्न है। बस्तर के पेड़ पौधों में औषधिक गुणों से भरपूर है। कार्यशाला के माध्यम से हमें जागरूक होकर सभी विषयों को अपने अपने क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करना है। कार्यशाला में बस्तर जिले के 15 यूनियन के सदस्य उपस्थित हुए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने लगातार चिंता करते हुए शासन की योजनाओं को इसका बेहतर लाभ मिले इस संबंध में कार्य कर रहे हैं, शासन की योजनाओं का लाभ उठाए। केदार साहनी एवं लघु वनोपज अध्यक्ष संपत बघेल ने भी अपनी बातों को रखा। कार्यशाला के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। यह कार्यशाला वन संरक्षण, आजीविका संवर्धन और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सार्थक पहल के रूप में दर्ज की गई। इस दौरान पार्वती मोर्य, गागराराम, राजेश श्रीवास्तव, मनोहर तिवारी, एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश कुमार रात्रे, आईपी बंजारे, उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन गुलशन कुमार साहू, प्रशुक्षु सहायक वन संरक्षक शिवेन्द्र सिहं, रेंजर देवेन्द्र सिंह वर्मा, प्रकाश ठाकुर, सुमीत साहा समेत अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।



### तेज धार से करें बूटा कटाई

बस्तर के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि समितियों को लगभग 5 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया। तेंदूपत्ता की बूटा कटाई में तेज धार से रापा, छोटी कुल्हाड़ी से करें। बूटा कटाई योजना में गांव के आस-पास के मरहान क्षेत्र का आकलन, बूटा कटाई हेतु उपलब्ध राशि के बारे में ग्रामीणों को बैठक बुलाकर बताया गया। बूटा कटाई का अवधि, समय तय करना, प्रत्येक पारा मोहल्ला से शाखकर्तन हेतु उपलब्ध मजदूरों की संख्या, सभी कार्डधारियों की जिम्मेदारी, वर्तमान में मक्का खेती अधिक मात्रा में होना, बूटा कटाई का उद्देश्य अधिक मात्रा में पत्ता प्राप्त करना, आकार में वृद्धि तथा रंग-रूप में गुणात्मक सुधार, अच्छा पत्ता समय-सीमा 40-50 दिनों के अन्दर प्राप्त करना है।

# तैयारी: लालबाग मैदान का विधायक ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सोमवार को प्रवास को लेकर शहर के लालबाग मैदान में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच निर्माण,बैठक व्यवस्था,सुरक्षा प्रबंध, यातायात नियंत्रण एवं आमजन की सुविधाओं से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और आम नागरिकों को सुचारू सुविधाएं मिलें

- कलेक्टर, एसपी व अधिकारियों से सुरक्षा और व्यवस्था पर की चर्चा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता राजीव बतरा, राजेश श्रीवास्तव एवं मनोहर तिवारी मौजूद रहे।

# बिना दहेज के सम्पन्न हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तेलीमारेंगा के नामदान केंद्र में शनिवार को संत रामपाल के सानिध्य में सत्संग कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर भगत रेखराज साहू एवं भुनेश्वरी बघेल का दहेज मुक्त विवाह सादगीपूर्ण एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न कराया गया।

- समाज को दिया सकारात्मक संदेश

इस विवाह की विशेष बात यह रही कि इसमें एक रुपये तक का दहेज नहीं लिया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि दहेज प्रथा आज भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। कई परिवार आर्थिक और मानसिक पीड़ा झेलते हैं तथा बेटियों को प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। ऐसे में दहेज मुक्त विवाह समाज में जागरुकता और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश देता है। कार्यक्रम में सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं और नागरिकों ने इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर संस्था के बस्तर संभाग संयोजक गणपत सेठिया, जगदीश दास, जिला संयोजक जयपाल सेठिया , दिनेश नाग, बनवासी दास, गरुड़ दास, रामचंद्र दास, पीलू दास, लक्ष्मण दास तथा मीडिया प्रभारी चितेश्वर सेठिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सत्संग एवं जयकारे के साथ हुआ।



# आधा अधूरा जर्जर पुल बना जनता के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रवीर वार्ड के पार्षद जाहिद हुसैन ने कहा कि पुराने पुल की स्थिति दिन ब दिन दयनीय होती जा रही है । इस मार्ग पर लोगों की आवाजाही कभी भी हादसे का कारण बन सकती है। निगम व जिला प्रशासन इस जर्जर पुल में आवागमन में हादसे न हो सके इसके लिए सख्त कदम उठाए व आवश्यक कार्रवाई करे। उन्होंने कहा, फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य में गंभीर अनियमिताएं बरती जा रही है। यह स्थल समस्त ग्रामीण अंचलो को शहर से जोड़ता है। ग्रामवासी उसी मार्ग से शहर के लिये आकर मजदूरी, व्यवसाय करते हैं। यहां ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है। फ्लाईओवर निर्माण कार्य में पानी का छिड़काव नहीं किये जाने के कारण धूल उड़ रही है जिससे स्थानीय निवासियों को विशेषकर बुर्जुग एवं बच्चों को श्वास संबंधी समस्या बढ़ गई है। पर्यावरण संरक्षण नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा ब्रिज में सुरक्षा रिबन, बैरियर, साइन बोर्ड नही लगाये जाने से दुर्घटना का भय बना है। बार-बार इस सम्बंध में बात रखी गई परंतु आज पर्यंत इस विषय पर कार्य नहीं किया गया और न ही ठेकेदार एवं इंजीनियर के द्वारा कार्रवाई की गई है।

- पानी छिड़काव न होने से धूल उड़ने पर बुजुर्ग एवं बच्चों को श्वास संबंधी समस्या बढ़ी



### मुक्तिधाम के समीप रहते हैं लोग

शहर का मुख्य मुक्तिधाम इसी मार्ग पर स्थित है जिससे समस्या और गम्भीर हो जाती है। पार्षद ने जन हानि से बचाव के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था पूर्ण कर समस्याओं का समाधान करने प्रशासन से गुहार की है।

**कार्यों के मूल्यांकन के साथ भावी रणनीति का रोडमैप बना**

# हमें राजनीति नहीं लोगों के लिए काम करना है: नवनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मिशन ग्राउंड के निकट जनता दरबार में शनिवार को बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद द्वारा संभागीय समीक्षा एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पदाधिकारी एवं कार्यकतार्ओं के साथ बस्तर के ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक एवं जिले के लोग उपस्थित थे। नवनीत ने उत्साह भरते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर दूर दूर से आए पार्टी के लोगों ने अपनी बातों एवं समस्याओं को रखा। कार्यों की समीक्षा एवं मूल्यांकन के साथ आगे की रणनीति को लेकर रोडमैप तैयार किया गया।

- बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा की संभागीय बैठक में रखी गईं समस्याएं

श्री चांद कहा कि जनपद से लेकर शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर बेस कैंप बनाएंगे। हमें राजनीति नहीं करना है लोगों के लिए काम करना है। हम 260 बिलियन टन लोहा निर्यात करते हैं, बदले में बिना डॉक्टर का अस्पताल और बिना शिक्षक के स्कूल बस्तर में काफी हैं। सभी ने संकल्प लिया कि स्वार्थ की राजनीति से ऊपर उठकर जनता के लिए काम किया जाएगा और बस्तर को श्रेष्ठ बनाया जाएगा।



### ये रहे उपस्थित

समीक्षा बैठक में चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल ,ग्रामीण जिला महामंत्री संतु कश्यप, युवा अध्यक्ष सूरज कश्यप जटेल बघेल ब्लॉक अध्यक्ष गौतम दास ,जयमो वेंजम विजय कश्यप सोनू सहारे जगदलपुर विधानसभा अध्यक्ष महताब सिंह, संतोष सिंग के जॉन आकरा, सूरज नाग, घासी राम मांडवी, प्रिय यादव, किशोर कुमार, भुवनेश्वरी नोबी निषाद, लक्की राम बघेल, शंकर नेताम, करसो राम मौयर्, रमेश यादव, दयाराम कुंजाम, हिड़मा पोड़याम, शंकर सिंह बघेल, रेमो मड़कम, लखमा कोराम, सीमा प्रिया, रमेश सुकलु , राम बघेल बुधली सोढ़ी निहारिका सिंह मनीराम यादव निर्मल पोयम, चामसिंह कश्यप, विकी बंजोर, चंदन नेताम मो. याकूब गोरी उदय भंडारी कोंडागांव जिला महामंत्री सोमदेव लहरे सुका नीलांबर भद्रे बस्तर जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजू सैयद फुरकानहक जगदीश नाग उपस्थित थे।

# सब्जियों के दाम गिरे, टमाटर 10 और मटर 40 रुपए किलो बिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के साप्ताहिक बाजार में टमाटर के दाम में गिरावट देखी गई है। अब करीब सभी प्रकार की हरी सब्जियों के भाव में गिरावट आई है। इस बार टमाटर के दाम कम होने के बाद 8-10 रुपए किलो तक पहुंचा है। सब्जी के दाम कम होने से राहत मिली है। सब्जी के दाम कम होने से लोग बड़ी मात्रा में सब्जी खरीद रहे हैं। मांग से अधिक सब्जियों का उत्पादन होने के कारण टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन, टमाटर समेत सभी मौसमी सब्जियां काफी सस्ती हो गई हैं। बाजार में मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 100, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 100 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 16 जूड़ी बिक रही है।

## खबर संक्षेप

### दूरसंचार कार्यालय के पास चला स्वच्छता अभियान

**कांकेर।** जन सहयोग संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत दूरसंचार कार्यालय से लेकर बच्चों के निको पार्क तक सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान कई घंटे तक चलाया गया, जिससे इस क्षेत्र की तस्वीर ही बदल गई। अभियान में संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, धर्मेंद्र देव, भूतपूर्व सैनिक टेश्वर जैन, डॉ. श्याम देव, सागर देव, संजय कुंजाम, अनुपा गोटी, अनुपा वट्टी, तनीषा सलाम, आरती कोरेटी, यामिनी मरकाम ,लता कोरेटी, आरती मंडावी आदि ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता कार्य को पूर्णता तक पहुंचाया।

### दो दिवसीय वार्षिक कोरर मेला आज से

**कोरर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष दो दिवसीय वार्षिक मेला की शुरूआत आज 9 फरवरी सोमवार से होगा। व्यापारी जगह देखकर अपनी-अपनी दुकान लगाने में लगे हुये है। इस वर्ष आकाश झूला, टोरा-टोरा, ब्रेक डाँस, नाव झूला सहित बच्चों के विभिन्न प्रकार के झूले में लग गए है, जो आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहता है। अंचल का बड़ा मेला होने से लगभग 40 से 50 गाँव के लोग धूमधाम से मेला में शामिल होते है। मेला में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी के अलावा आसपास क्षेत्र के व्यापारी दुकान लगाते है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह 10 को

**दुर्गुकोंदल।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 10 फरवरी को प्रातः 10 बजे खेल मैदान गोविंदपुर में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पूरे कांकेर जिले से कुल 251 बेटियों का विवाह संपन्न होना है। विकासखंड अंतर्गत कुल 29 जोड़े इस आयोजन में विवाह बंधन में बंधेंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता प्रदान करना है, जिससे उन्हें सामाजिक सम्मान के साथ विवाह का अवसर मिल सके।

### परीक्षाएं इसी माह से, नहीं रूक रही डीजे की आवाज

**पखांजुर।** बोर्ड की परीक्षाएं इस महीनें से शुरू होने जा रही है, ऐसे में पखांजुर अनुभाग क्षेत्र में तेज आवाज वाले डीजे बच्चों की पढ़ाई में गंभीर बाधा बन रहे है। दिन-रात हो रहे शोर से छात्र मानसिक तनाव में हैं और परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। स्थानीय अभिभावकों की मांग है कि शासन-प्रशासन तेज आवाज वाले सभी डीजे पर कड़ी नजर रखते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई करे, ताकि विद्यार्थियों को शांत माहौल मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।

### चिहरो में 13 से दो दिनी वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत चिहरो में वार्षिक मेला 13 एवं 14 फरवरी को दो दिवसीय में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम में रंगलहर लोक रिकाडिंग संस्था ग्राम खलारी, बालोद द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। संस्था द्वारा लोकगीत, नृत्य एवं पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा। मेले में स्थानीय व्यापारियों द्वारा दुकानें, खानपान एवं अन्य सामग्री के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। आयोजन से क्षेत्र में सामाजिक समरसता बढ़ेगी और ग्रामीण संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा।

### पुलिस ने की 17 लीटर शराब जब्त दो कोचियों पर कार्रवाई

**कांकेर।** कोतवाली पुलिस कांकेर शराब कोचिया से 10 और आमाबेड़ा पुलिस ने 07 लीटर अवैध शराब को जप्त किया गया। दोनो आरोपियों को पुलिस ने गिरफतार कर आबाकरी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 07 फरवरी को शहर में शराबियों, नशेड़ियों, गंजेड़ियों एवं अवैध शराब कारोबारियों पर निगरानी रखते हुए थाना कांकेर पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम ढेकुना स्थित गौशालापारा शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहा है। जानकारी की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी गुलेश्वर जैन पिता बिटठ्ल जैन उम्र 59 वर्ष निवासी ठेकुना को रंगे हाथों पकड़ लिया।

# मानस गान संस्कृति- नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यमः टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धनोरा

केशकाल ब्लाक के धनोरा में रामायण समापन के अवसर पर विधायक नीलकंठ टेकाम और जनपद अध्यक्ष नंदनी पोटाई और सरपंच धारनीं प्रधान पहुंचे। आयोजन के समापन पर जिसमें धनौरा एवं आसपास के ग्राम के ग्राम प्रमुख प्रतिष्ठित जन पंचायत पदाधिकारी एवं महिलाए बड़ी संख्या में सहभागी बनी ।

ग्राम पंचायत धनोरा के माध्यमिक शाला प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान कार्यक्रम के अंतिम दिन केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आई 24 से अधिक मानसगान मंडलियों ने रामचरितमानस के पाठ और भक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। अपने संबोधन में विधायक टेकाम ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक एकता, सद्भाव और परंपराओं को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं। मानस गान हमारी संस्कृति और नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

**तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान कार्यक्रम का समापन**





#### ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं

विधायक नीलकंठ टेकाम ने आयोजन समिति और ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ते हैं। अंत में उन्होंने सभी मंडलियों को शुभकामनाएं और सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विधायक के साथ जनपद पंचायत केशकाल की अध्यक्ष नंदिनी पोटाई भी मौजूद रही।

## आयोजित : कोंडागांव ने आयुष स्वास्थ्य सेवाओं में रचा नया कीर्तिमान

# आयुर्वेद औषधालय बोरगांव व अनंतपुर आयुष केंद्र को मिला 'कायाकल्प आयुष' प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कोंडागांव जिले ने एक बार फिर राज्य स्तर पर अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाई है।

- कड़े मापदंडों पर खरा उतरा बोरगांव आयुष्मान आरोग्य मंदिर
- स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित है कायाकल्प आयुष योजना

छत्तीसगढ़ आयुष विभाग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कायाकल्प आयुष' कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के शासकीय आयुर्वेद औषधालय बोरगांव ने बस्तर संभाग में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। वहीं अनंतपुर आयुष केंद्र ने भी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए संभाग स्तरीय सम्मान अर्जित कर जिले को दोहरी उपलब्धि दिलाई है।

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित इस पहल में बोरगांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मूल्यांकन स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, भवन संधारण, जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन एवं सौंदर्याकरण जैसे कड़े मापदंडों पर किया गया। केंद्र ने सात प्रमुख श्रेणियोंः आयुष स्वास्थ्य केंद्र संधारण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा, जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, सहायक सेवाएँ, स्वच्छता संवर्धन एवं सेवा गुणवत्ता समीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित कायाकल्प आयुष योजना का उद्देश्य आयुष अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को संस्थागत रूप देना है, जिससे मरीजों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें।



#### रायपुर में हुआ सम्मान समारोह 75 हजार की प्रोत्साहन राशि

4 फरवरी को राजधानी रायपुर में आयोजित कायाकल्प आयुष पुरस्कार वितरण समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, संचालक आयुष संतन देवी जांगड़े एवं सचिव अमित कटारिया द्वारा बोरगांव एवं अनंतपुर आयुष केंद्र को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं 75 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### मेहनत और प्रतिबद्धता का मिला प्रतिफल

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह पुरस्कार केवल सम्मान नहीं, बल्कि आयुष चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की सतत मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण ही सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों की मजबूत आधारशिला होता है।

#### जिला प्रशासन और आयुष विभाग ने जताया हर्ष

बोरगांव एवं अनंतपुर आयुष केंद्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। यह सम्मान अन्य आयुष केंद्रों को भी स्वच्छता, गुणवत्ता एवं सेवा उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करेगा तथा जिले के नागरिकों को और अधिक भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा।

# बच्चों में अपनी संस्कृति और गौ–विज्ञान को गहराई से जानने की दिखी जिज्ञासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा 2025 जिले में एक अनूठी पहल के रूप में सामने आई है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य भारतीय गौ माता के वैज्ञानिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्व के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना है। यह आयोजन विद्यार्थियों एवं युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ने और गौ माता के संरक्षण व संवर्धन के प्रति संकल्पित करने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। सरस्वती शिशु मंदिर कोंडागांव एवं सेजेश केशकाल में जिला स्तरीय परीक्षा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस ज्ञान यज्ञ में कुल 280 छात्र–छात्रओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। परीक्षा के दौरान बच्चों में अपनी संस्कृति और गौ–विज्ञान को गहराई से जानने की जिज्ञासा साफ देखी गई। आयोजन को यादगार बनाने के लिए परीक्षा में सम्मिलित सभी बच्चों को पंचगव्य किट उपहार स्वरूप प्रदान की गई। इस किट के माध्यम से बच्चों को गौ–उत्पादों की उपयोगिता और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में व्यवहारिक जानकारी दी गई। परीक्षा



के पश्चात सभी बच्चों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जहाँ बच्चों ने बड़े चाव से खिचड़ी का आनंद लिया। सहायक जिला नोडल अधिकारी अशोक कुमार साहू ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि नई पीढ़ी को गौ–वंश के वैज्ञानिक पहलुओं से अवगत कराना समय की मांग है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और छात्र–छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामकुमार पात्र जिला गौ सेवा आयोग सदस्य, डॉ. हितेश मिश्रा कृषि वैज्ञानिक, सहदेव मरकाम जिला कार्यक्रम अधिकारी, अशोक कुमार साहू बी आर पी सहायक जिला नोडल अधिकारी गौ विज्ञान परीक्षा कोंडागांव, जगदीश देवांगन व्याख्याता, परशु मरकाम प्रधानाचार्य, प्रकाश देवांगन, मदन नेताम प्रधानाध्यापक, मुकेश सोनी शिक्षक, सावन कुमार, टिंकू कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा।

# बीआरपी ने शादी की सालगिरह पर बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू हुए न्योता भोज कार्यक्रम से समाज के विभिन्न वर्ग लगातार जुड़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में जनपद प्राथमिक शाला चिपावण्ड में बीआरपी अशोक साहू ने अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर बच्चों को खीर, पूरी, सब्जी, पुलाव, सलाद एवं पापड़ परोसा गया। बच्चों ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ भोजन ग्रहण किया। विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल, एपीसी श्रीनिवास नायडू, एपीसी सहदेव मरकाम, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिपावण्ड शीला सोनपिपरे, सीएसी सुरेश देवांगन एवं प्रधान अध्यापक बलधर भोयर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अशोको उनकी शादी की सालगिरह की शुभकामनाएँ देते हुए इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की।

#### जिले में 99 प्रतिशत स्कूलों में हो चुका है न्योता भोज आयोजन

जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने बताया कि जिले के लगभग 99 प्रतिशत स्कूलों में न्योता भोज कार्यक्रम के अंतर्गत लोग अपने विशेष अवसरों पर बच्चों के साथ खुशियाँ साझा कर चुके हैं। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों एवं आश्रम शालाओं में न्योता भोज



आयोजन के लिए अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने की अपील की। इस आयोजन को सफल बनाने में संकुल चिपावण्ड के हीरालाल चुरेन्द्र, नीरज ठाकुर, प्रियंका पटेल, लता देवांगन, मोहन कोमरे एवं सुरेश कोर्राम का विशेष सहयोग रहा।

#### सामुदायिक सहभागिता से बच्चों के पोषण की अभिनव पहल

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को सामुदायिक सहयोग से और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा न्योता भोज की अभिनव पहल की गई है। इसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या संस्था जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य विशेष अवसरों पर नजदीकी स्कूल, आश्रम या छात्रवास में बच्चों के लिए पूर्ण भोजन या पूरक पोषण जैसे फल, मिठाई, नमकीन, अंकुरित अनाज आदि का आयोजन कर सकता है।

# बस्तर में लिखी गई औषधीय खेती की नई इबारत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बस्तर में औषधीय खेती को लेकर आयोजित प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला केवल एक कृषि आयोजन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज, वैज्ञानिक संस्थानों और स्थानीय नेतृत्व के ऐतिहासिक संगम के रूप में सामने आई। यह आयोजन मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर, चिखलपुटी में संपन्न हुआ।

- 16 गांवों से उमड़े आदिवासी किसान
- मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म में आदिवासी, वैज्ञानिक और स्थानीय नेतृत्व का संगम

कोंडागांव, माकड़ी और मर्दापाल विकासखंड के 16 गांवों लेमड़ी, सितली, केरावाही, बांग्ला, भोगाड़ी, गोलावंड, उमरगांव, भीरावंड, खड़का, कांटागांव, बड़े बेंदरी, पोलेंग, पल्ली सहित अन्य गांवों से बड़ी संख्या में आदिवासी किसान बहन–भाई कार्यक्रम में शामिल हुए। बैठक हाल खचाखच भरा रहा, जो बस्तर में जैविक व औषधीय खेती के प्रति बढ़ते भरोसे का प्रमाण है।

#### कांटागांव की राजकुमारी मरकाम सम्मानित

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही माकड़ी विकासखंड के कांटागांव की प्रगतिशील आदिवासी महिला किसान राजकुमारी मरकाम का सम्मान। उन्होंने निःशुल्क पौधों से 54 किलो काली मिर्च का उत्पादन कर यह सिद्ध किया कि सही मार्गदर्शन और बाजार सहयोग से आदिवासी किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं।



#### *बस्तर बन सकता है हर्बल क्रांति का केंद्र*

*विशेषज्ञों के अनुसार आयुष एवं औषधीय पौधों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। बस्तर की उपजाऊ मिट्टी, आदिवासी परिश्रम, वैज्ञानिक मार्गदर्शन और अब आदिवासी समाज के शीर्ष नेतृत्व का खुला समर्थन, यह संकेत देता है कि मां दंतेश्वरी हर्बल समूह की यह पहल आने वाले समय में एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकती है। यह आयोजन बस्तर में जैविक खेती, वन संरक्षण और आदिवासी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हो रहा है, जहां परंपरा और विज्ञान मिलकर विकास की नई राह गढ़ रहे हैं।*

#### जड़ी–बूटी खेती को लेकर बढ़ा उत्साह

कार्यक्रम में किसानों ने काली मिर्च, ऑस्ट्रेलियन टीक, हल्दी, एनाटो, सफेद मूसली और स्टीविया जैसी फसलों का अवलोकन किया। साथ ही अश्वगंधा एवं कपिकच्छु के बीज निःशुल्क वितरित किए गए। बड़ी संख्या में किसानों ने जैविक पद्धति से जड़ी–बूटी खेती अपनाने का संकल्प लिया।

#### पहले सत्र में वैज्ञानिक मार्गदर्शन

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. ज्ञानेंद्र तिवारी डायरेक्टर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक, क्षेत्रीय सह सुविधा केन्द्र, जबलपुर रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी भूपेश तिवारी ने की। वैज्ञानिकों ने औषधीय खेती की तकनीक, बाजार संभावनाओं और आयुष क्षेत्र के बढ़ते अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी।

#### दूसरा सत्र बना ऐतिहासिक

दूसरे सत्र में छत्तीसगढ़ आदिवासी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता बस्तर संभाग अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने की। दोनों नेताओं ने मंच से स्पष्ट कहा आदिवासी जंगल के बिना नहीं जी सकता। अब जंगलों और पेड़ों को बचाने के साथ–साथ जड़ी–बूटी खेती को अपनाना समय की आवश्यकता है।

#### पेड़ बचाने और हर्बल खेती की अपील

दशरथ कश्यप ने कहा कि वे वर्षों से डॉ. राजाराम त्रिपाठी के कार्यों से परिचित हैं और बस्तर का नाम देश–विदेश में रोशन करने वाले इन प्रयासों पर आदिवासी समाज को। दोनों नेताओं ने एक स्वर में कहा कि मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के साथ आदिवासी समाज पूरी मजबूती से खड़ा है।

## मन में सभी प्राणियों के प्रति प्रेम और सद्भावना की भावना से जीवन होता है धन्य

# छल-कपट नहीं निर्मल मन में ही होता है परमात्मा का वास : चैतन्य महराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

ठेलकाबोड़ में भागवत कथा के छठवें दिन डिडौंरी आश्रम के ब्रम्हचारी कथावाचक आशुतोष चैतन्य महराज ने कहा कि कहा कि मन में किसी भी प्राणी के प्रति छल-कपट नहीं रखना चाहिए। मन को पूरी तरह निर्मल रखें क्योंकि निर्मल मन में ही परमात्मा का वास होता है। भाव से ही परमात्मा प्रकट होते हैं। मनुष्य का मन प्रभु रूपी सागर के चरणो में आ जाए तो उस मनुष्य की नैया बिना डुबे पार हो जाती है।

कथावाचक ने गोवर्धन पर्वत, महारास, गोपी प्रेम रास, रूखमणी विवाह की कथा सुनाते कहा की यदि भक्त नहीं होंगे तो भगवान भी नहीं होंगे। यदि भगवान नहीं होंगे तो भक्त की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। दपर्ण में यदि धूल जम जाती है तो मनुष्य का प्रतिबिंब भी धुंधला प्रतीत होता है। इसी तरह मनुष्य को अपना मन रूपी दपर्ण पूरी तरह स्वच्छ रखना जरूरी है। जिस प्रकार वर्षा रूपी जल का लक्ष्य सागर में मिलना है उसी तरह मानव जीव का उद्देश्य भगवान में मिलने का रहना चाहिए। भाव, भावना, हृदय को भक्ति से सजाना चाहिए। भगवान के प्रति भक्ति धीरे धीरे बढ़ाने की जरूरत है, जिस कुलवंश में भक्त पैदा होते हैं वे माता पिता धन्य होते हैं। भगवान के चरणों के शरण में जो जाते हैं, उनका सम्मान करना चाहिए। माता पिता को भी चाहिए कि यादि उनका बच्चा भक्ति भाव रख रहा है तो भक्ति करने से मना नहीं करें बल्कि उसको बढ़ावा दें। यदि मनुष्य धर्म रूपी धन का संग्रह करता है तो वह मनुष्य आनंदित जीवन जीता है। बृजधाम की महिमा बताते कहा की वह अद्भुत तथा निराला धाम है। बृजवासियों के आग्रह पर भगवान कृष्ण ने उनको बैकुंठ का दर्शन कराया लेकिन उनको बैंकुठ रास नहीं आया। उन्हे बृजधाम में भगवान कृष्ण के साथ ठिठौली करना ही अच्छा लगता है।

**कृष्ण सुदामा प्रसंग पर आज होगी कथा–** कथा के सातवें दिन 9 फरवरी को सुदामा चरित्र एवं बैराग्य के साथ कृष्ण सुदामा मिलन प्रसंग की कथा सुनाई जाएगी। आज की कथा में बैराग्य और संतोष का गृहस्थ जीवन में महत्व के बारे में बताया जाएगा। साथ ही जीवन में भक्ति की महत्ता पर भी कथावाचक प्रकाश डालेंगे।



#### बिना राधा के श्याम नहीं मिलते

कथावाचक ने कहा की बिना राधा रानी के श्याम नहीं मिलते। भौतिक विषयों के प्रति मनुष्य को ज्यादा नहीं भागना चाहिए। भौतिक चीजों से जिसने नाता जोड़ने पर दुख के सिवा कुछ नहीं मिलता। इस कारण ईश्वर से ही नाता जोड़ते उनसे ही प्रेम करना चाहिए। महारास का वर्णन करते कथावाचक ने कहा की भगवान कृष्ण ने शरद पूर्णिमा को यमुना तट में मधुबन में मुरली बजाई तो गोपिकाएं अपनी सुध बुध खो बैठी और सारे काम छोड़ कृष्ण के पास आकर बैठ गईं। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रध्दालु महिला पुरूष पहुंच रहे हैं।

# वीडियो वायरल करने की धमकी देकर की ठगी, आरोपी राजस्थान अलवर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर/भानुप्रतापपुर

वीडियो कॉल के जरिए अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले साइबर ठग को भानुप्रतापपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्थान के अलवर जिले से दबोचा और उसके कारनमों का पर्दाफाश किया। जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर थाना में 2 फरवरी को शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। इसके बाद कॉल करने वाले व्यक्ति ने प्रार्थी को वीडियो एवं फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए भयभीत किया और भयभीत करते हुए उससे 84 हजार रूपए की ठगी कर लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना भानुप्रतापपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, एएसपी आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना भानुप्रतापपुर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख के नेतृत्व में एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने शिकायतकर्ता के द्वारा दिए गए मोबाईल नंबर और बैंक खाते की जानकारी सायबर टीम को दिया।

## बस्तर पण्डुम में थिरकीं कई राज्यों की संस्कृतियां, जनजातीय नृत्यों ने मोहा दर्शकों का मन...






**जगदलपुर।** ऐतिहासिक लालबाग मैदान बस्तर पण्डुम के आगाज के साथ ही लोक-संस्कृति के एक विशाल संगम में तब्दील हो गया। अलग-अलग राज्यों के नर्तक मंच पर उतरे, तो बस्तर की फिजाओं में पूरे भारत की मिट्टी की महक घुल गई। अंतरराज्यीय लोकनृत्यों में एकता की जीवंत तस्वीर देखने को मिली। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण अन्य प्रदेशों से आए जनजातीय दलों की मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं, जिन्होंने दर्शकों को बंधे रहने पर विवश कर दिया। मध्य प्रदेश के कलाकारों ने गुदुम बाजा नाच की थाप छेड़ी, वाद्य यंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण ऊर्जा से सराबोर हो गया। इस जोश के बीच आंध्र प्रदेश की डिमसा नृत्य की लय और सामूहिक पद-संचालन ने दर्शकों को एक अलग ही दुनिया की सैर कराई। तेलंगाना के लम्बाड़ी और कर्नाटक के बंजारा नृत्य ने अपनी चटक रंग-बिरंगी वेशभूषा और पारंपरिक आभूषणों की खनक से रौनक बिखेर दी। इन नृत्यों में बंजारा समुदाय की जीवनशैली और उल्लास साफ झलक रहा था। वहीं महाराष्ट्र से आए दल ने लिंगो नाच के जरिए अपनी पुरातन परंपरा, आस्था और कला का ऐसा अद्भुत संगम प्रस्तुत किया कि उपस्थित कला प्रेमी देर तक तालियां बजाते रहे।

**खबर संक्षेप**

### रेलवे ने चलाया टिकट जांच अभियान, 200 यात्रियों से वसूला 62430 रुपए का राजस्व



**रायपुर ।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग की ओर से शनिवार को मांढर स्टेशन पर एम्बुश टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कई यात्री बिना टिकट के सफर करते हुए पाए गए। जांच अभियान में लोकल पैसेंजर ट्रेनों रायपुर बिलासपुर मेमू ट्रेन-68728, गोंदिया झारसुगुड़ा पैसेंजर -68861, गेवरा रोड रायपुर पैसेंजर -68745, बिलासपुर रायपुर पैसेंजर -58201, गेवरा रोड रायपुर पैसेंजर -58203, बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 188 मामलों से 56415 रुपए अनियमित टिकट के 09 मामलों से 5515 रूपये 02 धूम्रपान के मामले से 400 रुपए, 01 सी केस से 100 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। इस एंबुश टिकट जांच अभियान में कुल 200 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 62430 रुपए का राजस्व प्राप्त किया गया। इस टिकट जांच अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद सहित 03 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, 02 वाणिज्य निरीक्षक, 18 टिकट चेकिंग स्टाफ, 08 आरपीएफ स्टाफ ने स्टेशन पर लोकल ट्रेनों में एंबुश टिकट जांच की गई।

### नारंगी नदी पर 298.02 लाख के तटरक्षण कार्य का भूमिपूजन

# बस्तर के किसानों और ग्रामीणों को मिलेगी बाढ़ से मुक्तिः सांसद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

बस्तर के किसानों और ग्रामीणों को हर वर्ष बाढ़ की मार से राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने ग्राम भैसगांव के समीप नारंगी नदी पर 298.02 लाख की लागत से स्वीकृत तटरक्षण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। सांसद महेश कश्यप की मौजूदगी में शुरू हुई इस परियोजना से क्षेत्र की उपजाऊ कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्रों को नदी कटाव व बाढ़ से स्थायी सुरक्षा मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

- **सांसद महेश कश्यप बोले अब नहीं बहेगी किसानों की मेहनत**

भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दंतेश्वरी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सांसद महेश कश्यप का पारंपरिक रूप से पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। लंबे समय से प्रतीक्षित तटरक्षण कार्य के प्रारंभ होने से क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और ग्रामीणों ने इसे बड़ी राहत बताया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि नारंगी नदी के तटीय इलाकों में निवासरत ग्रामीणों के लिए वर्षा ऋतु हमेशा भय और नुकसान लेकर आती थी। बाढ़ के कारण जहां किसानों की फसलें नष्ट होती थीं, वहीं घरों और बुनियादी संरचनाओं पर भी खतरा बना रहता था। सांसद महेश कश्यप ने स्पष्ट कहा कि यह तटरक्षण कार्य क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसके पूर्ण होने से किसानों की मेहनत सुरक्षित होगी तथा ग्रामीणों को बाढ़ की विभीषिका से स्थायी मुक्ति मिलेगी। सांसद महेश कश्यप ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बस्तर के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है और जल संसाधन से जुड़े ऐसे कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बस्तर के हित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि यह तटरक्षण परियोजना किसानों और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब साकार हो रही है। इससे कृषि भूमि संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण जीवन को भी सुरक्षित आधार मिलेगा।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष जयवती कश्यप,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, रामानंद मिश्रा, उदबोराम नाग, सरपंच मदन बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

#### तटरक्षण कार्य से क्षेत्र को मिलने वाले लाभ

298.02 लाख की लागत से हो रहे इस तटरक्षण कार्य से नारंगी नदी के किनारे बसे गांवों को बाढ़ और कटाव से स्थायी सुरक्षा मिलेगी, किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि सुरक्षित रहेगी, वर्षा ऋतु में होने वाले नुकसान पर नियंत्रण लगेगा और ग्रामीणों के आवासीय क्षेत्रों को मजबूती के साथ संरक्षण प्राप्त होगा।

### दलपत सागर एनक्लेव में स्वच्छता का संकल्प

## कॉलोनीवासियों ने चलाया सामूहिक श्रमदान अभियान




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

शहर के दलपत सागर एनक्लेव,पार्षद गली पार्षद नरसिंग राव के नेतृत्व में कॉलोनीवासियों द्वारा एक प्रेरणादायी स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत कॉलोनी के नागरिकों ने एकजुट होकर सामूहिक श्रमदान किया और पूरे क्षेत्र की साफ़-सफाई कर स्वच्छ,सुंदर और स्वस्थ वातावरण का संदेश दिया।

- **एकजुट नागरिकों ने किया श्रमदान, स्वच्छ वातावरण का दिया संदेश**
- **कचरा प्रबंधन और पशु-भोजन को लेकर बनी सामूहिक सहमति**

पार्षद राव न कहा स्वच्छता अभियान के दौरान कॉलोनीवासियों ने आपसी सहमति से यह निर्णय लिया कि भविष्य में कचरा खुले में नहीं फेंका जाएगा। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर मवेशियों एवं आवारा पशुओं को भोजन देने के बजाय,भोजन एक निश्चित स्थान अथवा अपने-अपने घर के सामने बर्तन में ही दिया जाएगा, जिससे गंदगी और अव्यवस्था की स्थिति न बने। पार्षद नरसिंग राव ने बताया अभियान के दौरान कॉलोनीवासियों ने यह भी संकल्प लिया कि स्वच्छता को केवल एक अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन की आदत बनाया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद नरसिंह राव विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कॉलोनीवासियों के इस सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए स्वच्छता को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

#### स्वच्छता को लेकर कॉलोनीवासियों की सामूहिक पहल

इस स्वच्छता अभियान में श्वेता पूनम, किया शाह, जयश्री, कांति लाल पटेल, विनिता, रिंकी,वंदना पटेल, अदिति सिवली जीत, कमल विश्वास,विनोद बोथरा,गंगाराम शर्मा, बीजू विश्वास, देवाशीष विश्वास, सीएच कोंडअय्या, नरेंद्र पटेल, सचिन एवं दीपक वर्मा सहित अनेक नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। कॉलोनीवासियों के उत्साह और सहभागिता से पूरे क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश देखने को मिला।

## भूमकाल स्मृति दिवस में हजारों आदिवासी जुटेंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

बस्तर की ऐतिहासिक और क्रांतिकारी विरासत को स्मरण करने के लिए आगामी 10 फरवरी को जगदलपुर में भूमकाल स्मृति दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर अपने पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान को नमन करेंगे।

कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्मण यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। सर्व आदिवासी समाज के मीडिया प्रभारी कमलेश कश्यप ने बताया कि भूमकाल स्मृति दिवस अंग्रेजी शासन और अन्याय के विरुद्ध शुरू हुए ऐतिहासिक भूमकाल विद्रोह की याद में मनाया जाता है। इस दौरान महान क्रांतिकारी वीर गुण्डाधुर सहित अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी, जिन्होंने बस्तर की जल-जंगल-जमीन और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। भूमकाल दिवस के अवसर पर शहीद गुण्डाधुर की



प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात शहर में एक विशाल रैली निकाली जाएगी, जो गुण्डाधुर प्रतिमा से प्रारंभ होकर भूमकाल चौक, चांदनी चौक, इमली पेड़ और झाड़ा सिरहा प्रतिमा तक जाएगी। विशेष रूप से उस ऐतिहासिक इमली पेड़ की पूजा की जाएगी, जहाँ कभी क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी। यह स्थल आज भी बस्तर के संघर्ष और बलिदान का जीवंत प्रतीक माना जाता है।सभी स्थलों पर सेवा अर्जी और पारंपरिक विधि-विधान के बाद रैली संजय मार्केट और अग्रसेन चौक होते हुए धरमपुरा पीजी कॉलेज मैदान पहुँचेगी, जहाँ मुख्य सभा का आयोजन किया जाएगा।

## 12वीं के छात्रों की विदाई में हुआ धमाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुंजी में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं एवं नवमी, दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के द्वारा गीत, नृत्य एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया। विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के साथ बिताए गए पलों को साझा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कुछ रोचक और मनोरंजक गेम के द्वारा विजेताओं को गिफ्ट देकर उनका उत्साह

- **शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुंजी में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम**



वर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ पूर्णिमा सरोज ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को परीक्षा एवं जीवन में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के दौरान कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में स्मृति-चिन्ह भेंट कर 12वी के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**पाठक सूचना**
बीजापुर में हरिभूमि समाचार पत्र में
जी प्रणीत कुमार को नियुक्त किया गया है।
समाचार पत्र और विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
जी प्रणीत कुमार
ब्यूरो चीफ बीजापुर
मो.न. 7587290000
ब्यूरो कार्यालय, हरिभूमि जगदलपुर

## न्यायालय का आदेश मानूंगा, जल-जंगल-जमीन की लड़ाई जारी रहेगी : लखमा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर रिहाई मिलने के बाद कोंटा विधायक कवासी लखमा का नया ठिकाना अब ओड़िशा का मलकानगिरी होगा। सर्वोच्च न्यायालय से मिली

- **लखमा का बस्तर और सुकमा में हुआ जोशिला स्वागत**

इस बड़ी राहत के बाद यह तथ्य सामने आया कि कवासी लखमा पिछले दो दिनों से मलकानगिरी में निवास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने इस संबंध में 6 फरवरी के अंक में "कवासी लखमा का नया ठिकाना होगा" शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था, जिस पर अब औपचारिक मुहर लग गई है। विदित हो कि जैसे बस्तर में



कवासी लखमा का मजबूत जनाधार है, वैसे ही ओड़िशा के मलकानगिरी जिले में भी उनके समर्थकों की बड़ी संख्या मौजूद है। खास बात यह है कि सुकमा स्थित उनके निज निवास से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर मलकानगिरी की सीमा प्रारंभ हो जाती है, जिससे परिजनों और समर्थकों को भेंट-मुलाकात में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इसी व्यावहारिक पहलू को ध्यान में रखते हुए कवासी लखमा ने जेल से रिहाई के बाद न्यायालय को अपना नया ठिकाना मलकानगिरी बताया था।

जमानत के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कवासी लखमा ने स्पष्ट कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे, लेकिन जल, जंगल और जमीन से जुड़े आदिवासी अधिकारों के लिए उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। रिहाई के पश्चात जब वे बस्तर और सुकमा पहुंचे, तो दोनों स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस आत्मीय अभिनंदन से अभिभूत लखमा ने दोहराया कि वे अपने लोगों के हितों की लड़ाई पहले की तरह मजबूती से आगे बढ़ाते रहेंगे।

जेल से रिहा होने के बाद बस्तर पहुंचे आदिवासी जननेता कवासी लखमा का शहर प्रवेश से पहले आसना चौक पर युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जिशान कुरेशी एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विशाल खंबारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात गुंडाधुर प्रतिमा स्थल के पास जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उमाशंकर शुक्ला,पूर्व क्रेडा अध्यक्ष मितलेश स्वर्णकार, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, अतिरिक्त शुक्ला, राजेश चौधरी, अनवर खान, ओमकार जायसवाल, विक्रम डांगी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं केशलूर चौक में पूर्व विधायक राजमन बेनंजाम द्वारा भी कवासी लखमा का स्वागत किया गया। जगह-जगह समर्थकों की भीड़ और नारों से पूरे शहर में उत्साह का माहौल बना रहा।

#### जनता के नाम कवासी लखमा का संदेश

इस अवसर पर कवासी लखमा ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं बस्तर की जनता का दिल से धन्यवाद देता हूं। आप सबका स्नेह और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। जल, जंगल और जमीन हमारे अस्तित्व की पहचान है, और बस्तर के हक,अधिकार और सम्मान की यह लड़ाई मैं आखिरी दम तक लड़ता रहूंगा। उनके आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला और पूरा कार्यक्रम जनसमर्थन से सराबोर रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411